फा.सं.12/1/2018-प्रशासन भाग-1

भारत सरकार

संसदीय कार्य मंत्रालय

93, संसद भवन,

नई दिल्ली-110001

दिनांक : 13.10.2022

## कार्यालय ज्ञापन

विषयः संसदीय कार्य मंत्रालय के संबंध में सितम्बर, 2022 का मासिक सार।

अधोहस्ताक्षरी को इसके साथ सितम्बर, 2022 माह के लिए संसदीय कार्य मंत्रालय के मासिक सार की एक प्रति अग्रेषित करने का निदेश हुआ है।

ह./-

(**किरण कुमार**)

**अवर सचिव, भारत सरकार**

**011-23034467**

संलग्नक: उपरोक्तनुसार

सेवा में

1. मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य।
2. मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली

प्रतिलिपि निम्नलिखित को भी प्रेषित:

1. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाउस, शाहजहां रोड, नई दिल्ली।
2. राष्ट्रपति जी के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
3. उपराष्ट्रपति जी के सचिव, मौलाना आज़ाद रोड़, नई दिल्ली।
4. निदेशक, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत सरकार के सभी सचिव।
6. संसदीय कार्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्य अधिकारी।
7. संसदीय कार्य राज्य मंत्री के निजी सचिव/विशेष कार्य अधिकारी।
8. सचिव/अपर सचिव के निजी सचिव।

**<u>भारत सरकार</u>**
**<u>संसदीय कार्य मंत्रालय</u>**

**विषय: संसदीय कार्य मंत्रालय का सितम्बर, 2022 का मासिक सारांश।**

**1. माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णय/प्रमुख उपलब्धियां:**

- **संसद में आश्वासनों का कार्यान्वयन**

वर्ष 1956 से अगस्त, 2022 तक लोक सभा के संबंध में कुल98263 आश्वासन निकाले गए और राज्य सभा के संबंध में 57586 आश्वासन निकाले गए। इनमें से लोक सभा के 975 आश्वासन और राज्य सभा के 623 आश्वासन लंबित हैं।

सितंबर, 2022 माह के दौरान, लोक सभा की कार्यवाही से 20 आश्वासन छांटे गए और राज्य सभा की कार्यवाही से 15 आश्वासन छांटे गए।

- **परामर्शदात्री समितियों का कार्यचालन**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के लिए अनौपचारिक परामर्शदात्री समितियों का गठन पहली बार वर्ष 1954 में संसद सदस्यों को सरकार के कामकाज की कुछ झलक प्राप्त करने का अवसर प्रदान करने के लिए किया गया था। इन समितियों की प्रकृति सलाहकारी है। वर्तमान में विभिन्न मंत्रालयों के लिए 39 परामर्शदात्री समितियां कार्य कर रही हैं।

सितंबर, 2022 के महीने में -

(क) परामर्शदात्री समितियों की 04 बैठकें आयोजित की गईं।
(ख) महीने के दौरान सरकार द्वारा विभिन्न परामर्शदात्री समितियों में 26 संसद सदस्य नामित किए गए।

उपरोक्त विवरण अनुबंध-I में दिया गया है।

- **लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए मामलों और राज्य सभा में विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों पर अनुवर्ती कार्रवाई**

भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के संबंध में लोक सभा में नियम 377 और राज्य सभा में नियम 180 ए-ई के तहत विशेष उल्लेख के माध्यम से उठाए गए मामलों की स्थिति निम्नानुसार है:-

| | **लोक सभा में नियम 377 के तहत उठाए गए मामले** | **राज्य सभा में नियम 180-ई के तहत किए गए विशेष उल्लेख** |
|---|---|---|
| 01.09.2022 को लंबित मामले | 396 | 180 |
| सितंबर, 2022 के दौरान उठाए गए मामले | 000 | 000 |
| कुल लंबित मामले | 396 | 180 |
| सितंबर, 2022 के दौरान प्राप्त उत्तर | 167 | 056 |
| शेष मामले | **229** | **124** |

- **युवा संसद योजनाओं के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना**

(क) सितंबर, 2022 में कुल 121 संस्थानों ने एनवाईपीएस पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। 25 संस्थानों ने युवा संसद की बैठक आयोजित करने के बाद एनवाईपीएस पोर्टल पर पूर्णत: या आंशिक रूप से फोटो, वीडियो, रिपोर्ट, छात्र विवरण आदि अपलोड किए हैं। इन युवा संसद बैठकों में 1173 छात्रों ने भाग लिया।

(ख) केन्द्रीय विद्यालय, एनडीए, खडकवासला, पुणे ने 27 सितंबर, 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव विषय पर युवा संसद की एक विशेष बैठक आयोजित की है। सभी भाग लेने वाले छात्रों को प्रतिभागिता प्रमाणपत्र जारी किया गया है।

- **राष्ट्रीय ई-विधान आवेदन (नेवा)**

सितंबर, 2022 के दौरान नेवा के संबंध में निम्नलिखित गतिविधियां की गईं:

**1. मेघालय विधान सभा ने नेवा प्लेटफार्म का उपयोग करना शुरू किया**

क. केंद्रीय परियोजना निगरानी इकाई, नेवा के अधिकारियों को 9 सितंबर 2022 से 16 सितंबर, 2022 तक मेघालय विधान सभा में प्रतिनियुक्त किया गया था ताकि

मेघालय विधानसभा को नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपने सत्र को सफलतापूर्वक चलाने में सहायता प्रदान की जा सके।

ख. विधायकों और अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया गया ताकि वे नेवा एप्लिकेशन का प्रभावी ढंग से उपयोग कर सकें।

ग. मेघालय विधानसभा ने 9 से 16 सितंबर, 2022 तक अपने मानसून सत्र के दौरान नेवा प्लेटफॉर्म के माध्यम से कार्य निष्पादित किया और इस तरह नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके कागज रहित विधायिकाओं के पूल में प्रवेश किया।

**2. उत्तर प्रदेश विधान परिषद ने नेवा प्लेटफार्म का उपयोग करना शुरू किया**

क. केंद्रीय परियोजना निगरानी इकाई, नेवा के अधिकारियों को 19 सितंबर, 2022 से 23 सितंबर, 2022 तक उत्तर प्रदेश विधान परिषद में प्रतिनियुक्त किया गया ताकि परिषद को नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करके अपना सत्र सफलतापूर्वक चलाने में सहायता मिल सके।

ख. विधान परिषद सदस्यों के 4 समूहों को नेवा सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन में प्रशिक्षित करने के लिए 4 सत्र भी आयोजित किए गए।

**3. नेवा प्लेटफॉर्म पर सत्र संचालित के लिए मिजोरम विधानसभा को दी गई सहायता**

मिजोरम विधानसभा ने नेवा प्लेटफॉर्म का उपयोग करते हुए 6 से 8 सितंबर, 2022 तक अपना सत्र आयोजित किया। इस संदर्भ में, सीपीएमयू, नेवा टीम द्वारा विधानसभा को आवश्यक सहायता दी गई ताकि सत्र को बिना किसी परेशानी के संचालित किया जा सके।

2. लंबे अंतर-मंत्रालयी परामर्श के कारण रूके हुए महत्वपूर्ण नीतिगत मामले

-शून्य-

3. तीन माह से अधिक समय से लंबित 'अभियोजन की स्वीकृति' के मामलों की संख्या

-शून्य-

4. उन मामलों का विवरण जिनमें कार्य निष्पादन नियमों या सरकार की स्थापित नीति से विचलन शामिल रहा।

-शून्य-

5. चालू स्वच्छता अभियान की स्थिति (विशेष अभियान के तहत प्रगति)

- गतिविधियां चालू हैं और उनकी निगरानी की जा रही है।

6. स्वायत्त निकायों के युक्तिकरण की स्थिति

इस मंत्रालय के नियंत्रणाधीन कोई स्वायत्त निकाय नहीं है।

7. शासन और विकास में अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी आधारित टोल और अनुप्रयोगों के उपयोग हेतु उठाए गए विशिष्ट कदमों की जानकारी

-लागू नहीं-

8. स्वायत्त निकायों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों सहित मंत्रालय/विभाग में वरिष्ठ स्तर के पदों में रिक्ति की स्थिति

वर्तमान में वरिष्ठ स्तर के सभी पद भरे हुए हैं।

9. उन मामलों की सूची जिनमें एसीसी के निर्देशों का पालन नहीं किया गया है

-शून्य-

10. माह के दौरान स्वीकृत एफडीआई प्रस्तावों का विवरण और मंत्रालय/विभाग में अनुमोदन की प्रतीक्षा में एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति।

-शून्य-

**<u>अनुबंध-1</u>**

**सितंबर, 2022 माह में आयोजित परामर्शदात्री समिति की बैठकों की सूची**

| क्र.सं | दिन, तिथि और समय | मंत्रालय | विषय | स्थान/टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|
| 1. | शुक्रवार, 16 सितंबर, 2022 पूर्वाह्न 10:30 बजे | पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस | जैव ईंधन और सीबीजी | केवाड़िया, गुजरात |
| 2. | शनिवार, 17 सितंबर, 2022 पूर्वाह्न 11:00 बजे | कोयला और खान | "कोयला खदानों को बंद करना -सभी के लिए न्यायसंगत परिवर्तन" | कोलकाता, पश्चिम बंगाल<br>**<u>स्थगित</u>** |
| 3. | शनिवार, 24 सितंबर, 2022 पूर्वाह्न 11:00 बजे | कौशल विकास और उद्यमिता | राष्ट्रीय कौशल विकास निगम (एनएसडीसी) की भूमिका | मेफेयर हेरिटेज, चक्र तीर्थ रोड, पुरी, ओडिशा |
| 4. | गुरुवार, 29 सितंबर, 2022 पूर्वाह्न 11:00 बजे | उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास | उत्तर पूर्वी क्षेत्र में पर्यटन क्षेत्र का विकास | मुख्य समिति कक्ष, संसदीय सौध, नई दिल्ली |
| 5. | गुरुवार, 29 सितंबर, 2022 अपराह्न 4:00 बजे | संस्कृति और पर्यटन | राष्ट्रीय पर्यटन नीति आज़ादी का अमृत महोत्सव | मुख्य समिति कक्ष, संसदीय सौध, नई दिल्ली |

**सितंबर, 2022 के दौरान विभिन्न परामर्शदात्री समितियों में नामित किए गए संसद सदस्य**

| क्र.सं | सांसदों का नाम | परामर्शदात्री समितियों का नाम जिनमें उन्हें नामित किया गया है | टिप्पणियां |
|---|---|---|---|
| 1 | सुश्री कविता पाटीदार, सांसद (राज्य सभा) | आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय | 09.09.2022 को नामित |
| 2 | श्री कपिल सिब्बल, सांसद (राज्य सभा) | गृह मंत्रालय | 09.09.2022 को नामित |
| 3 | श्री मिथलेश कुमार, सांसद (राज्य सभा) | उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय | 09.09.2022 को नामित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 4 | श्री सुरेन्द्र सिंह नागर,<br>सांसद (राज्य सभा) | मत्स्यपालन, पशु पालन और डेयरी मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 5 | श्री धनंजय भीमराव महादिक,<br>सांसद (राज्य सभा) | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 6 | डॉ राधा मोहन दास अग्रावल,<br>सांसद (राज्य सभा) | वित्त मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 7 | श्रीमती महुआ माजी,<br>सांसद (राज्य सभा) | महिला एवं बाल विकास मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 8 | श्रीमती दर्शना सिंह,<br>सांसद (राज्य सभा) | रेल मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 9 | डा. धर्मस्थल वीरेंद्र हेग्गडे,<br>सांसद (राज्य सभा) | ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 10 | श्री प्रफुल्ल पटेल,<br>सांसद (राज्य सभा) | नागर विमानन मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 11 | श्री संदीप कुमार पाठक,<br>सांसद (राज्य सभा) | रेल मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 12 | श्री संत बलबीर सिंह,<br>सांसद (राज्य सभा) | जल शक्ति मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 13 | श्री हरभजन सिंह,<br>सांसद (राज्य सभा) | युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 14 | श्री रायगा कृष्णैया,<br>सांसद (राज्य सभा) | सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 15 | श्री एस.निरंजन रेड्डी,<br>सांसद (राज्य सभा) | विधि और न्याय मंत्रालय | 09.09.2022<br>को मनोनीत |
| 16 | श्रीमस्थानरावबीडा,<br>सांसद (राज्य सभा) | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 17 | श्रीविवेकके.तन्खा,<br>सांसद (राज्य सभा) | सड़क , परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 18 | श्री मुकुल बालकृष्ण वासनिक,<br>सांसद (राज्य सभा) | कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 19 | श्रीमती रंजीत रंजन,<br>सांसद (राज्य सभा) | पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 20 | श्री राजीव शुक्ला,<br>सांसद (राज्य सभा) | वित्त मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 21 | श्री इमरान प्रतापगढ़ी,<br>सांसद (राज्य सभा) | वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 22 | श्री प्रमोद तिवारी,<br>सांसद (राज्य सभा) | गृह मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 23 | श्री रणदीप सिंह सुरजेवाला,<br>सांसद (राज्य सभा) | वित्त मंत्रालय | 09.09.2022<br>को नामित |
| 24 | श्री सी.वी. शनमुगम,<br>सांसद (राज्य सभा) | ग्रामीण विकास मंत्रालय और पंचायती राज मंत्रालय | 21.09.2022<br>को नामित |
| 25 | डॉ कल्पना सैनी,<br>सांसद (राज्य सभा) | आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय | 21.09.2022<br>को नामित |
| 26 | श्री अनिल प्रसाद हेगड़े,<br>सांसद (राज्य सभा) | विदेश मंत्रालय | 21.09.2022<br>को नामित |